न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी श्रीमती नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 110/2023

उनवान

1. देउ देवी पत्नि दुलीचन्द खटीक नि0 सांगानेर कॉलोनी भीलवाडा (राज.)

—प्रार्थी

बनाम

1. गोपालकृष्ण पुत्र बाबुलाल धोबी नि0 स्टेशन के पास में गंगरार तह0 गंगरार जिला चितौडगढ (राज.)
2. देबीलाल पुत्र हीरा नि0 कुम्हारो का खेडा, भैसा कुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. मांगीलाल पुत्र हीरा नि0 कुम्हारो का खेडा, भैसा कुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. भीमा बागरिया पुत्र नामलुम, नि0 कच्ची बस्ती सगस जी का स्थान पुलिया के पास कांवाखेडा भीलवाडा।
5. चुन्नी लाल बागरिया पुत्र नामलुम, नि0 कच्ची बस्ती सगस जी का स्थान पुलिया के पास कांवाखेडा भीलवाडा।
6. रामचन्द्र खाती पुत्र नामालुम नि0 राजोला तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)
7. भैरू पुत्र बाबु सांसी नि0कुम्भा सर्कल के पास आजाद नगर भीलवाडा।
8. अमरा पिता शोभा बागरिया नि0 कच्ची बस्ती सगस जी का स्थान पुलिया के पास कांवाखेडा, भीलवाडा।
9. भैरू पिता गंजानद कुम्हार नि0 कुम्हारो का खेडा भेसाकुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
10. हीरा पिता नारायण कुम्हार कुम्हारो का खेडा भैसा कुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
11. गेगाराम पिता भैरू कुम्हार, कुम्हारो का खेडा भैसा कुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
12. उंकार पिता नारायण कुम्हारो का खेडा भैसा कुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
13. मोहन पिता सवाईराम कुम्हार, कुम्हारो का खेडा भैसा कुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
14. राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवन महादेव नगर कुम्हारो का खेडा भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
15. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 21.05.2024

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूॅ—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक **05.07.2023** को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम रतनपुरा प.ह. आमलीगढ भू.अ.नि. मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा के खाता संख्या 101 की आ.न. 99/1 रकबा 0.1770 है0, आ.न. 99/2 रकबा 0.1770है0, खाता संख 105 आ.न. 99/3 रकबा 0.7081है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 10.07.2024 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 लगायत 08 व 10 लगायत 14 बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। विपक्षी संख्या 9 अदम तामील प्राप्त। इस पर अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा नियम सुनवाई पर उपस्थित होकर विपक्षी संख्या 9 के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही चाहने का कथन रखते हुए ओदशिका पर अंकित किया गया । प्रार्थी का निवेदन स्वीकार कर प्रा.पत्र में विपक्षी कम 9 का नाम डिलीट/विलोपित करने की आज्ञा पारित की जाती है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ, जिला-भीलवाड़ा

Scanned with ACE Scanner

—::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम रतनपुरा प.ह. आमलीगढ भू.अ.नि. मंगरोप तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा के खाता संख्या 101 की आ.न. 99/1 रकबा 0.1770 है0, आ.न. 99/2 रकबा 0.1770है0, खाता संख 105 आ.न. 99/3 रकबा 0.7081है0 भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 500/—पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 21.05.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Scanned with ACE Scanner